**Ruling regarding Notices of Adjournment Motion**

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, मुझे कई माननीय सदस्यों द्वारा कुछ विषयों पर स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं ।

**SHRI B. MANICKAM TAGORE (VIRUDUNAGAR) :** Sir, kindly tell us the names.

माननीय अध्यक्ष**:** श्री शफी परम्बिल, श्री सप्तगिरी शंकर उलाका, श्री मलविंदर सिंह कंग, श्री मनीश तिवारी, श्री बी. मणिक्कम टैगोर, श्री गौरव गोगोई, श्री के. सी. वेणुगोपाल, वेणुगोपाल जी इसीलिए नाम जानना चाहते थे, ताकि मेरा नाम आए, श्रीमती कनिमोझी करुणानिधि**,** श्री दुरई वाइको**,** प्रो**.** सौगत राय**,** श्री धर्मेन्द्र यादव**,** श्री हैबी ईडन**,** श्री सु**.** वेंकटेशन**,** श्री बैन्नी बेहनन**,** श्री कोडिकुन्नील सुरेश**,** श्री राजेश रंजन ।

प्रो. सौगत राय जी बीमार हैं, लेकिन स्थगन प्रस्ताव जरूर देंगे । यह इनकी संसद के प्रति निष्ठा है । मैंने कल आपकी चिंता व्यक्त की थी । आज आप बिल्कुल स्वस्थ हैं ।

माननीय सदस्यगण, मैंने स्थगन प्रस्ताव की किसी भी सूचना के लिए अनुमति प्रदान नहीं की है ।

---